कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

MHD–2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम. एच. डी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2024

एम.एच.डी.–2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 12×3=36

(क) क्या-क्या होगा साथ, मैं क्या बताऊँ!

है ही क्या, हा! आज जो मैं जताऊँ ?

तो भी तूली, पुस्तिका और वीणा,

चौथी मं हूँ पाँचवीं तू प्रवीणा!

P. T. O.

(ख) जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर,

तुझे बुलाता कृषक अधीर,

ऐ विप्लव के वीर!

चूस लिया है उसका सार,

हाड़-मात्र ही है आधार,

ऐ जीवन के पारावार!

(ग) भारतमाता

ग्रामवासिनी!

खेतों में फैला है श्यामल

धूल भरा मैला-सा आंचल

गंगा-यमुना में आँसू जल

मिट्टी की प्रतिमा

उदासिनी!

(घ) देर तक टकराए

उस दिन इन आँखों से वे पैर

भूल नहीं पाऊँगा फटी बिवाइयाँ

खुब गई दूधिया निगाहों में

धँस गई कुसुम-कोमल मन में।

(ङ) वह रहस्यमय व्यक्ति

अब तक न पायी गयी मेरी अभिव्यक्ति है,

पूर्ण अवस्था वह

निज-संभावनाओं, निहित प्रभाओं, प्रतिभाव की

मेरे परिपूर्ण आविर्भाव,

हृदय में रिस रहे ज्ञान का तनाव वह,

आत्मा की प्रतिमा।

2. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के ंगारपरक काव्य का परिचय दीजिए। 16

3. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य के मूल स्वर का विवेचन कीजिए। 16

4. जयशंकर प्रसाद के काव्य में अन्तर्निहित आधुनिकता बोध का विवेचन कीजिए। 16

5. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविताओं में प्रयोगशीलता पर प्रकाश डालिए। 16

6. महादेवी वर्मा की कविताओं में अभिव्यक्त वेदना भाव की चर्चा कीजिए। 16

7. नागार्जुन के रचना-विधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 16

8. फैंटसी की दृष्टि से मुक्तिबोध के काव्य-सौन्दर्य का विश्लेषण कीजिए। 16

9. शमशेर बहादुर सिंह की काव्यगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए। 16